एक नजर में

## अखंड वेदांत संत सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण



इंदौर. बिजासन रोड स्थित शहर के प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर अ.भा. वेदांत संत सम्मेलन का 58वां आयोजन 4 से 10 दिसम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें देश के जाने माने अनेक संत और विद्वान, आचार्य एवं महामंडलेश्वर शामिल होकर प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे. आश्रम की प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक अशोक गोयल, महासचिव दीपक जैन टीनू, संगठन सचिव भावेश दवे एवं कोषाध्यक्ष किशोर गोयल ने बताया कि शनिवार को समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरुप एवं संत राजानंद के सानिध्य में सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया. इस अवसर पर अध्यक्ष हरि अग्रवाल, किशोर गोयल एवं अशोक गोयल ने उनका स्वागत किया. इसी तरह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने भी महामंडलेश्वरजी के सानिध्य में सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया. इस अवसर पर हरि अग्रवाल, मुरलीधर धामानी, विनय जैन अशोक गोयल एवं सम्मेलन से जुड़े सहयोगी बंधु उपस्थित थे. सम्मेलन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं. उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए गठित विभिन्न समितियों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं विधायक रमेश मेंदोला संरक्षक मंडल में मनोनीत किए गए हैं। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं बालकृष्ण छावछरिया प्रमुख संरक्षक तथा विष्णु बिंदल स्वागताध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं.

## एनीमिया व अंगदान पर जागरूकता के लिए वॉकेथॉन 14 को

इंदौर. मिताशा फाउंडेशन इस वर्ष इंदौर में एक ऐसे सामाजिक आंदोलन की शुरुआत करने जा रहा है, जो न केवल शहर बल्कि पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य परिदृश्य को नई दिशा देने की क्षमता रखता है. एनीमिया जागरूकता और अंगदान प्रोत्साहन को केंद्र में रखकर आयोजित द ग्रैंड वॉकाथॉन 2025 एक व्यापक सामाजिक संदेश लेकर आ रहा है. यह आयोजन रविवार, 14 दिसंबर 2025 को प्रात: 7 बजे नेहरू स्टेडियम से आरंभ होगा और पलासिया चौराहा होते हुए पुन: नेहरू स्टेडियम पर समाप्त होगा. इसमें हजारों नागरिक, विद्यार्थी, चिकित्सक, सुरक्षा बलों के सदस्य और अनेक सामाजिक समूह शामिल होंगे। वॉकाथॉन का उद्देश्य एनीमिया जैसी छिपी हुई स्वास्थ्य समस्या के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और अंगदान को एक सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प के रूप में स्थापित करना है. मिताशा फाउंडेशन के संस्थापक आलोक सिंघी ने कहा हर पहल और हर जागरूकता का कदम जब जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ता है, तो समाज में स्थायी और सार्थक परिवर्तन आता है. हमारा उद्देश्य है कि इंदौर पूरे देश के सामने स्वास्थ्य, सेवा और मानवता का उदाहरण प्रस्तुत करे. द ग्रैंड वॉकाथॉन 2025 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन जन का आंदोलन बने और हर कदम किसी जीवन की नई उम्मीद तैयार करे.

## एनीमेशन के ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन



इंदौर. एरीना एनीमेशन ने विजय नगर क्षेत्र में अपने नए ट्रेनिंग सेंटर का सफल उद्घाटन किया है। इस सेंटर का उद्घाटन ज़ेबूएफएक्स के को-फाउंडर और वीएफएक्स सुपरवाइजर श्री जतीन ठक्कर द्वारा किया गया।.इस अवसर पर एरीना एनीमेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं नेशनल सेल्स हेड शाजन सैमुअल, भाजपा के राज्य महासचिव गौरव रणदिवे, एरीना विजय नगर इंदौर के डायरेक्टर निखार अगरवाल एवं एरीना एनीमेशन इंदौर विजय नगर के डायरेक्टर सूर्यकांत कौशल उपस्थित रहे. नए सेंटर के माध्यम से इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्रों के इच्छुक छात्रों को ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा. इस अवसर पर शाजन सैमुअल ने कहा नया सेंटर एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग और कॉमिक्स इंडस्ट्री में शामिल होने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए नए मार्ग खोलेगा. नए सेंटर के साथ प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी को विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधन उपलब्ध होंगे, जो उन्हें इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करेंगे. ज़ेबूएफएक्स के को-फाउंडर और वीएफएक्स सुपरवाइजर जतीन ठक्कर ने कहा भारत के होनहार आर्टिस्ट्स निरंतर रूप से अपनी क्रिएटिव और टेक्निकल क्षमताओं की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं और फिल्मों, ओटीटी और विज्ञापन जगत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्य कर रहे हैं. डायरेक्टर सूर्यकांत कौशल ने कहा इंदौर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है.

## गायत्री महायज की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



महू. आर्य समाज के तत्वावधान में हर दो वर्ष में होने वाला गायत्री महायज्ञ इस वर्ष 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा. इसकी तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. बैठक में लिए गए निर्णयानुसार प्रात: 8.30 से यज्ञ, उसके पश्चात यज्ञ के ब्रह्मा का यज्ञ पर प्रवचन तथा दोपहर में 2 बजे से भजन व वेद कथा होगी. तथा रात्रि कालीन सत्र में 7 से 8 भजन व 8 से 9 विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान होंगे. महायज के संयोजक प्रकाश आर्य ने कि बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद् श्रीराम जायसवाल ने की. बैठक में आर्य राधेश्याम बियानी, आर्य रामलाल प्रजापति, श्रीधर गोस्वामी, सुनीति शर्मा, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, ओमजी आर्य, हरिशंकर विजयवर्गीय, रवि वर्मा, अश्वनी शर्मा, राजेश नेनावा, मुकेश शर्मा, अमर चन्द चौहान, रितेश आर्य, अजय गोयल, इन्दर सिंह, योगेश मित्तल, महतोजी, राजेन्द्र हर्षवाल, मनोहर अग्रवाल, चौहान, आशीष आर्य, रामेश्वर उपाध्याय, ओंकारनाथ तिवारी, श्रीमती सरोज शर्मा, श्रीमती सरिता नेनावा, श्रीमती चंचल टांक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे.

## महिला फुटबॉल लीग में मंडला ने महू को 3-1 से हराया



महू. यहां खेली जा रही मप्र महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में शनिवार को हुए रोचक मुकाबले में प्रतियोगिता की सशक्त और प्रबल दावेदार टीम नर्मदा वैली फुटबॉल क्लब मंडला ने नेशनल फुटबॉल क्लब महू को 3-1 से पराजित कर दिया. यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजक नेशनल फुटबॉल क्लब महू के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं सचिव नीरज शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सोमवार को दो शानदार मुकाबले खेले जाएंगे. रविवार को अवकाश रहेगा. अतिथि के रूप में अभिभाषक संघ महू के अध्यक्ष भरतसिंह ठाकुर, अभिभाषक संघ महू के सचिव अभिषेक जयसवाल, अधिवक्ता सुधीर शुक्ला व संदेश जी उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन जेसी खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले, सदस्य सुरेश डामोर, दीपक भंवर, अशोक डागर, श्रीकृष्णा अन्ना, विक्रम शक्तावत ने तथा संचालन प्रवीण कांबले ने किया. मैच कमिश्नर के रूप में सुनील वर्मा (हरदा), रेफरी एसेसर एम.कुरैशी(इंदौर) तथा महिला रेफरियों में लक्ष्मी सहीस (शहडोल), करिश्मा सिंह (सतना), पूजा वारसी (बालाघाट), राहुल गुप्ता (सिंगरोली), अंजल सिंह ठाकुर (बालाघाट), नितेश मरावी (सिवनी) उपस्थित रहे.

# परिवार को टूटने से बचाएंगे, तभी युवा के माध्यम से भारत को श्रेष्ठ बना पाएंगे

## अभ्यास मंडल की व्याख्यान माला में डॉ. निशांत खरे ने कहा-

**इंदौर.** यदि हम परिवार को टूटने से बचा पाएंगे तो ही युवा में संस्कार रहेंगे. यह संस्कार रहेंगे तभी भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में तैयार हो सकेगा.

यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ निशांत खरे ने कही. डॉ खरे आज शाम अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 65 वीं व्याख्यान वाला का शुभारंभ करते हुए युवा भारत चुनौती और भविष्य विषय पर संबोधित कर रहे थे. उन्होंने अपनी बात की शुरुआत करते हुए कहा कि सबसे पहले तो यह निर्धारित करना होगा कि युवा कौन? एक सरल पैमाना है की उम्र के हिसाब से व्यक्ति को युवा मान लिया जाता है. अब तो यह स्थिति है कि जो युवा होने की उम्र में है उनमें से ही बहुत से लोग बहुत ज्यादा थके हुए हैं. ऐसे में मेरे हिसाब से युवा वह है जिसमें बदलाव की क्षमता हो, जिसे नाकामी से ताकत मिलती हो, जिसके सोचने में अंतर हो, जो परिवर्तन पैदा करना चाहता हो और जो उज्जवल भविष्य का सपना देख रहा हो. उन्होंने कहा कि हमारी जनसंख्या करीब 150 करोड़ हो गई है. इसमें 26 प्रतिशत युवा है जिनकी उम्र 15 से 30 वर्ष के बीच है. यदि हम इसमें 5 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को भी जोड़ने तो उनकी संख्या 12% और बढ़ जाती है. इसके साथ यदि हम उम्र को 30 वर्ष से बढ़कर 45 वर्ष पर ले जाते हैं तो यह संख्या 66% हो जाती है. इससे स्पष्ट है कि जितने लोग यूरोप अफ्रीका और अमेरिका में रहते हैं उससे ज्यादा तो हमारे देश में युवा है. डॉ खरे ने कहा कि हमारे देश के 90 करोड़ युवा यदि ठान ली तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है.



### परिवार टूटने से टूटे संस्कार

डॉ. खरे ने कहा कि एक बड़ी समस्या आत्महत्या की है पूनम विश्व में हर तीन सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है जबकि भारत में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करने की कोशिश करता है. जो लोग आत्महत्या करने की कोशिश करने के बावजूद बच जाते हैं उनमें से 93% लोगों का कहना है कि वे घर में अपने मन की बात नहीं कर सके इसलिए आत्महत्या करने का रास्ता उन्हें चुनना पड़ा। इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि हमारे देश में परिवार टूट रहे हैं. पहले जब संयुक्त परिवार हुआ करता था तब हमें बात करने के लिए घर में बहुत से लोग मिल जाते थे जिसे हम मन की बात कर लिया करते थे. परिवार के टूटने से हमारे देश में संस्कार टूटने लगे और संस्कार टूटने के कारण हम अपनी श्रेष्ठता को खोने लगे हैं. यदि हमें अपने देश को श्रेष्ठ बनाना है तो परिवार को बचाना होगा तभी संस्कार बच सकेगा.

### सभी को मिलकर प्रयास करना होगा

अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ राकेश सिंघई ने कहा कि हमारे देश के युवा को भ्रमित होने से बचने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा. युवा पीढ़ी को वैवाहिक विधि की विमांसा समझाई जाना चाहिए. कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत दीप्ति गौर, बृजेंद्रसिंह धाकड़ स्वप्निल व्यास और आदित्य प्रताप सिंह ने किया अभ्यास मंडल की इस व्याख्यान माला की जानकारी सचिव माला सिंह ठाकुर ने दी. व्याख्यान माला के शुभारंभ का अतिथियों के साथ अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता उपाध्यक्ष शिवाजी मोहिते ने किया. संचालन डॉ पल्लवी अढाव ने किया. आभार प्रदर्शन गोतम कोठारी ने किया. अतिथियों को कोई स्मृति चिन्ह पूर्व संभाग आयुक्त प्रभात पाराशर एवं सुरेश मिंडा ने भेंट किए.

### आज दवे का व्याख्यान

अभ्यास मंडल में कल रविवार को इस व्याख्यान माला में सेवानिवृत्त नमस्तस्ए कैप्टन मीरा दवे का व्याख्यान होगा। इसका विषय है नई नेतृत्व से बढ़ता नागरिक विश्वास। यह व्याख्यान शाम 6.00 बजे जाल सभागृह में होगा.

## टंकी में डूबने से मासूम की मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कुंदन नगर, गुरुकुल कॉलोनी, पाटनीपुरा और आलोक नगर क्षेत्रों में मासूम बच्चे से लेकर युवा महिला और पुरुष तक की मौत के मामले सामने आए. कुंदन नगर में निर्माणाधीन मल्टी की टंकी में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की जान चली गई. मासूम लाकडाउन पिता दुर्गेश निवासी अहीरखेड़ी का था. परिवार उसी मल्टी में अस्थायी रूप से रह रहा था, जहां पिता मजदूरी करता है. शाम को बच्चा अचानक गायब हो गया और तलाश के दौरान आधी भरी टंकी में तैरता मिला. तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने इसे प्रारंभिक तौर पर हादसा मानते हुए जांच शुरू कर दी.

**युवती ने फांसी लगाई-** गुरुकुल कॉलोनी में 22 वर्षीय शिवानी ने वैवाहिक तनाव के चलते फांसी लगाकर जान दे दी. पति मिथलेश से प्रेम विवाह किया था और एक छोटा बच्चा भी है. रिश्तेदारों के अनुसार दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और बीती रात भी कहासुनी हुई थी. सुबह कमरे में शिवानी का शव मिला, मर्ग दर्ज कर जांच शुरू.

**युवक ने जहर खाया-** पाटनीपुरा क्षेत्र में 22 वर्षीय नितेश ने मानसिक तनाव में जहर खा लिया. उसके करीबी मित्र की दो महीने पहले हत्या हुई थी, जिससे वह लगातार सदमे में था. दीपावली पर घायल होने और इलाज चलने के बीच उसका तनाव और बढ़ गया. अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजन ने बताया कि कई दिनों से मरने की बात कर रहा था. आलोक नगर में 30 वर्षीय दुर्गा ने बच्चे के लिए बंधे झूले की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिवार के लोग सुबह काम पर गए थे और दोपहर लौटकर देखा तो कमरा भीतर से बंद था. पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जहां दुर्गा फंदे पर लटकी मिली.

## बावनखणी : संगीत और पेशवाई प्रेमकथा का स्वर्णिम समन्वय

### सानंद के मंच पर संगीत मराठी नाटक का अप्रतिम मंचन

**इंदौर. सानंद न्यास के फुलोरा उपक्रम के तहत शनिवार शाम को मराठी संगीत नाटक बावनखणी का अप्रतिम मंचन किया गया.**

'बावनखणी' मूलत: एक संगीतप्रधान नाटक है. इसकी हर स्थिति- आनंद, विरह, निर्वाचन, विरोध, भक्ति-भाव—गीतों के माध्यम से चरितार्थ होती है. नाट्यपदों की संरचना में शास्त्रीय संगीत की परंपरा, भावपक्ष की मृदुता और रंगभूमि की नाटकीयता का अद्भुत संतुलन दिखाई देता है. कलाकारों का भावपूर्ण गायन और उसकी सजीव प्रस्तुति इस नाटक को केवल एक कथा से अधिक, एक अनुभूति में बदल देती है.कुल मिलाकर बावनखणी' मराठी संगीत रंगभूमि की उस स्वर्णिम धारा का प्रतीक है, जहाँ गीत केवल सजावट नहीं, बल्कि कथा-



विकास का मूल आधार होते थे. स्वर्गीय भालचंद्र पेंढारकर और 'ललितकलादर्श' के इस प्रस्तुतीकरण में संगीत, अभिनय, इतिहास और संवेदना का जो समन्वय दिखाई देता है, वह इसे समकालीन नाट्यधारा में भी विशिष्ट ऊँचाई प्रदान करता है. . सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे और मानद सचिव संजय वावीकर ने बताया कि रविवार शाम 6.30 बजे यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में संगीत नाटक हे बंध रेशमा चे का मंचन होगा।

**नाटक की क्रू टीम-** लेखक - विद्याधर गोखले, दिग्दर्शक- श्रीकांत दादरकर, संगीत- यशवंत देव कलाकार - गौतम कामत, मैत्रेयी नायक, अभिजीत कासखेडीकर, प्राची जोशी-फर्नांडिस, प्रसाद केळकर, हेमंत किरकिरे, प्रतीक फणसे, विधी मोरे, चंद्रकांत जोशी, तन्वी गोरे, धवल भागवत.

### कथानक की निर्मिति और नाट्यसंरचना

नाटक 'बावनखणी' का कथाभाग 18वीं सदी के उस सांस्कृतिक परिवेश को रूपायित करता है. कथा का केंद्र है 'बावनखणी' नामक हवेली-एक ऐसा घर, जिसमें संगीत और नृत्य की साधना एक जीवंत परंपरा के रूप में फलती-फूलती थी. यहाँ निवास करती है कथा की नायिका चंद्रा-एक गुणी, सुसंस्कृत और कला-निपुण गणिका. इसी हवेली में नायक खंडोशंकर का प्रवेश होता है- बाजीराव पेशवा के एक विश्वस्त सेवक के रूप में. चंद्रा और खंडोशंकर के बीच पनपता स्नेह धीरे-धीरे सूक्ष्म, गहन और त्रासद प्रेमकथा में रूपांतरित होता है. कथानक का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आता है जब पेशवेकुर्ट से होलिकोत्सव का निमंत्रण बावनखणी तक पहुँचता है. यह निमंत्रण केवल एक उत्सव का संकेत नहीं, बल्कि सत्ता-संरचना और सामाजिक प्रतिष्ठा के दबाव का प्रतीक है. निमंत्रण से उत्पन्न द्वंद्व कथा को भावनात्मक उत्कर्ष की ओर ले जाता है- जहाँ प्रेम, कर्तव्य, सामाजिक प्रतिष्ठा और कलात्मक स्वाभिमान के बीच संघर्ष तीव्र हो उठता है।

## टास्क इन्वेस्टमेंट ठगी में सक्रिय गुजरात मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

### 60 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी में 40 से अधिक बैंक खाते किए फ्रीज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. ऑनलाइन टास्क के नाम पर लोगों को मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले इंटरस्टेट रैकेट के दो और सदस्य क्राइम ब्रांच की टीम के हत्थे चढ़े हैं. फरियादी को शुरुआती लाभ दिखाकर भरोसा जीतने के बाद लाखों की रकम ठग ली गई थी.**

शहर में टेलीग्राम टास्क के जरिए इन्वेस्टमेंट ठगी करने वाले गैंग पर क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी कार्रवाई की है. गुजरात स्थित मॉड्यूल से जुड़े दो आरोपियों सूरत के अनुराग और यहीं के मनीष भट्टर को गिरफ्तार किया है. इनकी भूमिका फर्जी बैंक खातों की व्यवस्था कर ठग गिरोह को सपोर्ट करने की बताई जा रही है. फरियादी से करीब 60 लाख की ठगी को अंजाम दिया था. शहर में साइबर फ्रॉड के खिलाफ पुलिस आयुक्त द्वारा जारी विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ऑनलाइन ठगी के मामलों की जांच में जुटी है. जिसके तहत एनसीआरपी पोर्टल-1930 पर मोहम्मद हिदायतुल्ला नामक



मनीष भट्टर नि सूरत



अनुराग शुक्ला नि सूरत

फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी. उसने बताया कि टेलीग्राम टास्क के माध्यम से शुरू में छोटा मुनाफा दिखाकर विश्वास में लिया, फिर बड़ी रकम इन्वेस्ट करवाकर ठगी की. मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गुजरात से पकड़ लिया.


### फर्जी बैंक खाते कराते थे उपलब्ध

पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे ठगी गैंग को फर्जी बैंक खाते उपलब्ध कराते थे और इसके एवज में मोटा कमीशन पाते थे. गैंग द्वारा देशभर में सैकड़ों लोगों को इसी पद्धति से ठगने की बात भी सामने आई है. टीम ने आरोपियों से जुड़े 40 से अधिक बैंक खातों में जमा लाखों को फ्रीज करा दिया है. प्रकरण में इससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र से चार ठग मंदीप (हिसार), सिध्देश्वर खांड भराड़ (महाराष्ट्र), गुरदीप बुरा (हरियाणा), कृष्णा कदम (महाराष्ट्र) को भी गिरफ्तार किया जा चुका है. क्राइम ब्रांच अब गिरोह के बाकी सदस्यों, उनके नेटवर्क और धन के प्रवाह की जांच कर रही है.

## जीएनटी मार्केट के लकड़ी पीठों में रातभर भड़की आग

### करोड़ों का सामान जलकर हुआ राख





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. लाबरिया भेरू के पास स्थित जीएनटी मार्केट में देर रात दो बड़े लकड़ी के पीठों में अचानक आग भड़क उठी. आग इतनी तेज थी कि आसपास के क्षेत्र में लपटें दूर तक दिखाई देती रहीं. फायर ब्रिगेड की टीम को काबू में करने में पूरी रात लग गई.**

जीएनटी मार्केट में देर रात भीषण आग से दो फर्नीचर पीठों का भारी नुकसान हुआ. घटना रात करीब 2 बजे सामने आई, जब बाजार में मौजूद लोगों ने लपटें देख तुरंत पीठा संचालकों और फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को सूचना दी. लाबरिया भेरू कलाली के पास फारुकी मोहम्मद याकूब की करीब 15-20 हजार वर्गफुट जगह पर मोनिशा सरफराज द्वारा संचालित हाजी मोहम्मद याकूब पीठा और हीरालाल विश्वकर्मा का प्रिया फर्नीचर स्थित हैं.

यहां सागौन की लकड़ी से खिड़की-दरवाजे और अन्य फर्नीचर सामग्री तैयार की जाती है. दोनों पीठों में अचानक आग लग गई, जिसने कुछ ही मिनटों में बड़े क्षेत्र को घेर लिया. सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक शिवनारायण शर्मा फायर ब्रिगेड की 25 सदस्यीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पूरे मार्केट में लकड़ी के अन्य पीठे होने से आग फैलने का खतरा था, इसलिए रातभर विशेष सतर्कता के साथ ऑपरेशन चलाया. टीन शेड गिर जाने से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था.

टीम ने जेसीबी बुलवाकर शेड हटवाया और लगातार पानी डालते हुए सुबह 7.30 बजे आग को पूरी तरह बुझाया. आग बुझाने में करीब तीन लाख लीटर पानी खर्च हुआ. मौके पर धुआं इतना घना था कि पूरे क्षेत्र में दृश्यता कम हो गई. प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट आग का प्रमुख कारण माना जा रहा है. पीठों में रखी तैयार सामग्री, लकड़ी और उपकरण जलकर राख हो गए. नुकसान का आंकलन करोड़ों में होने का अनुमान है.

## 'वन इंदौर - रन इंदौर' मैराथन आज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** स्वच्छता में नंबर-1 इंदौर अब स्वास्थ्य और फिटनेस में भी अग्रणी बनने का प्रयास कर रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 'यूनाइटेड इंदौर फोरम' की पहल पर 'वन इंदौर - रन इंदौर' मैराथन का कल 23 नवंबर को दशहरा मैदान में आयोजन होगा। मैराथन तीन अलग अलग केटेगरी में होगी. मैराथन के लिए संस्था के पास 8 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन की पुष्टि हो चुकी है.

यूनाइटेड इंदौर फोरम के मोहित यादव ने मीडिया को बताया कि इंदौर के पश्चिम क्षेत्र में दशहरा मैदान पर कल सुबह 'स्वथ्य इंदौर - स्वच्छ इंदौर' के नारे के साथ मैराथन का आयोजन होगा. यूनाइटेड इंदौर संस्था द्वारा आयोजित उक्त मैराथन कल सुबह 6.30 बजे शुरू होगी। मैराथन तीन श्रेणियों में क्रमश 3, 5 एवं 7 किलोमीटर लंबी रहेगी. इसमें बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग जनों, खेल प्रेमियों, डॉक्टर, वकील, सीए, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधियों सहित सभी आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे। प्रतिभागियों को रनिंग किट व फिनिशिंग पर मेडल प्रदान किए जाएंगे. इस मौके पर संस्था के सहयोग में दिव्यांग पद्म श्री सत्येन्द्र, रजत धनुका, प्रयास संस्था की पूजा दवे, सीए निधि बंग, एडवोकेट नितिन भाटी, आईसेक्ट कॉलेज अवधेश दवे ने मैराथन को लेकर अलग अलग विशेषता बताई.

### इंदौर एक है और स्वास्थ्य के लिए एकजुट हो : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शहर में 70 संजीवनी क्लिनिक संचालित हैं, जहाँ प्रतिदिन 7 हजार लोग निशुल्क उपचार पा रहे हैं. साथ ही 85 वार्डों में 140 स्थानों पर योग सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा स्वच्छ इंदौर, स्वस्थ इंदौर, फिट इंदौर और नशे के खिलाफ यही हमारा संकल्प है. यह मैराथन इस एकता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बनेगी. पूरा शहर एक प्लेटफॉर्म पर एकजुट होकर अपने स्वास्थ्य के लिए दौड़ेगा. अभी तक सौ से ज्यादा रहवासी संघों को सहमति मैराथन के लिए मिल चुकी है. महापौर ने सभी नागरिकों से परिवार सहित इस मैराथन में भाग लेने और एक स्वस्थ इंदौर बनाने में योगदान देने की अपील की.

एक नजर में | गृहस्थ जीवन में काम आने वाली वस्तुएं दोनों हाथों से लुटाईं

## सन्यास जीवन की राह पर चल पड़े आर्किटेक्ट कौशिक

### आज बास्केटबाल स्टेडियम पर जैनाचार्यों की निश्रा में होगी दीक्षा विधि

**इंदौर.** रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल स्टेडियम पर शनिवार को सुबह हैदराबाद-सिकंदराबाद के 21 वर्षीय युवा मुमुक्षु कौशिक कुमार खांटेड के सन्यास जीवन की राह धूमधाम से प्रशस्त हो गई, जब रेसकोर्स रोड स्थित उपाश्रय से जैनाचार्य विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य देव विजय जिनसुंदर सूरीश्वर एवं आचार्य विजय धर्मबोधि सूरीश्वर सहित 50 से अधिक साधु-साध्वी-भगवंतों की निश्रा में भव्य वरघोडा निकाला गया. एक सुसज्जित रथ पर सूट-बूट और अनेक गहनों से लदे मुमुक्षु कौशिक ने रथ पर आते ही अपने गृहस्थ जीवन में काम आने वाली वस्तुएं लुटाना शुरु कर दीं। रथ पर इस तरह की ढेरों सामग्री रखी हुई थी. रेसकोर्स रोड उपाश्रय से यह जुलूस यशवंत निवास रोड से अभय प्रशाल एवं विकास प्राधिकरण भवन से होते हुए बास्केटबाल स्टेडियम पहुंचा, जहाँ ओसवाल जैन साधना साथ युवा संघ, धर्म तिलक परिवार तिलक नगर, वीरमणि युवा संगठन सेवाभावी युवा साथियों ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली. दीक्षा महोत्सव में बड़ी संख्या में दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों के समाजबंधु भी आए हुए हैं. इस अवसर पर समर्पण ग्रुप की ओर से विनोद जैन, रितेश जारोली, सोमिल कोठारी, मनीष शाह, रेसकोर्स रोड जैन श्रीसंघ की ओर से यशवंत जैन, प्रकाश भटेवरा, कीर्ति भाई डोसी सहित अनेक जैन श्री संघों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी भी मौजूद थे.



### वर्षीदान की रस्म संपन्न हुई

स्टेडियम पर जैनाचार्यों की निश्रा में मुमुक्षु कौशिक कुमार के बैठा वर्षीदान की रस्म संपन्न की गई और दीक्षा महोत्सव के मुख्य चढ़ावे भी संपन्न हुए. वहीं शाम को संसार से संयम की ओर आगे बढ़ते हुए सभी परिजनों, मातुश्री पुष्पाबाई सुकनराज खांटेड, दाखू बाई, अभय कुमार खांटेड, मिश्रिमल, महेंद्र कुमार, उत्तम चंद व संजय कुमार खांटेड, भुआ लीलाबाई मूथा, मामा संघवी मांगीलाल कोठारी सहित स्नेहीजनों से भावपूर्ण बिदाई ली. समर्पण ग्रुप के अनिल मेहता, जयंती श्रीश्रीमाल, संजय गांधी एवं शैलेन्द्र सुराना ने बताया कि मुमुक्षु कौशिक कुमार की दीक्षा की.